# टेरिटरी विवाद : बाघिन टी-60 के दो शावकों की मौत

## नए नर बाघ के आने से जंगल में हुई घटना, बीट डेवा के घने जंगल में शावकों के मिले शव





**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 12 दिसम्बर. नए नर बाघ की इंट्री से टेरिटरी विवाद के चलते बाघिन टी-60 के दो शावकों की मौत हो गई। यह घटना संजय टाईगर रिजर्व सीधी के दुबरी वन परिक्षेत्र के उत्तर बीट डेवा के घने जंगल में गुरुवार को हुई। नियमित गस्त पर निकली संजय टाईगर रिजर्व की हांथी पेट्रोलिंग टीम को झाडियों में असमान्य हलचल दिखने पर जब वहां देखा गया तो दोनो शावकों के छत-विक्षत शव पड़े हुए थे।**

शावकों के शरीर पर किसी बड़े शिकारी के हमले के स्पष्ट निशान थे। वन विभाग की प्रारंभिक जांच के अनुसार यह हमला टेरिटरी विवाद का परिणाम है। पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र में एक नए नर बाघ की उपस्थिति दर्ज की जा रही थी। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि नर बाघ अक्सर अपने क्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए प्रतिद्वंद्वी बाघिनों के शावकों को निशाना बनाते हैं। प्राथमिक साक्ष्यों से पता चला है कि हमलावर बाघ ने शावकों को मारने के बाद उनके शरीर के कुछ हिस्से भी खाए थे। घटना स्थल से कुछ दूरी पर बाघिन टी-60 को बेचैन अवस्था में देखा गया। वह अपने शावकों के शवों के इर्द-गिर्द घूम रही थी और गुर्राहट के साथ उनके करीब पहुंचने का प्रयास कर रही थी। बाघिन के तनावपूर्ण व्यवहार को देखते हुए पेट्रोलिंग टीम ने हाथियों की सहायता से शावकों के शवों को सुरक्षित रूप से कब्जे में लिया। फॉरेस्ट टीम ने मौके पर पंचनामा और पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की। गुरुवार देर रात दोनों शावकों का जंगल के भीतर ही वन नियमों के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन टी-60 अपने शावकों की बेहद सावधानी से परवरिश कर रही थी। यह घटना वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार का हिस्सा है। वन विभाग ने अब इस क्षेत्र में निगरानी और मूवमेंट ट्रैकिंग बढ़ा दी है। नए नर बाघ की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि बाघिन टी-60 सहित अन्य वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना रिजर्व के भीतर बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बदलते वन्यजीव संतुलन का संकेत है।

### जंगल में खतरे के बीच रहते हैं बाघिन शावक

संजय टाईगर रिजर्व में बाघों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। जिसके चलते विभागीय अधिकारी भी अपनी कार्ययोजना को सफल मानते हैं। विडंबना यह है कि यहां के जंगल में बाघिन के शावक काफी खतरे के बीच रहते हैं। बाघिन भले ही अपने शावकों को जोखिम से बचाने के लिए तमाम प्रयास करती है लेकिन कभी-कभी खतरा ऐसा आ जाता है कि शावकों को बचाने में वह भी लाचार रहती है। संजय टाईगर रिजर्व में शावकों की सुरक्षा को लेकर बने खतरे के चलते कई शावकों की असमायिक मौत हो जाती है। इसी तरह का वाकया गुरुवार को बाघिन टी-60 के दो शावकों के साथ हुआ। नए नर बाघ की इंट्री के चलते टेरिटरी में विवाद की स्थिति बनी और बाघिन उसको रोंक पाने में लाचार रही। इसी वजह से इसके दोनो शावकों की मौत हो गई। इस घटना के कारण बाघिन टी-60 भी काफी असमान्य हालत में पहुंच गई है। उसके दोनो शावकों की मौत के बाद वह भी काफी हिंसक हालत में है। टाइगर रिजर्व के अमले द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि बाघिन टी-60 जल्द ही सामान्य हालत में पहुंच जाए। जिससे कोई अन्य घटना जंगल में न हो सके।

### इनका कहना है

प्रारंभिक जांच में यह घटना पूरी तरह टेरिटरी विवाद का परिणाम लग रही है। नए नर बाघ की मूवमेंट इस इलाके में बढ़ी है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

**सुधीर मिश्रा,** एसडीओ, संजय टाइगर रिजर्व सीधी

# रिहंद में मछलियों की मौत से मचा हड़कंप

## कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम समेत विशेषज्ञ पहुंचे जायजा लेने



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 12 दिसम्बर । जिले के सीमावर्ती यूपी के रिहंद डैम में पिछले दो दिनों से मछलियों की भारी संख्या में मरने की खबर से प्रशासन एवं एनटीपीसी प्रबंधन भी सख्ते में है।**

भारी संख्या में मछलियों की किस वजह से मौत हो रही है, इसका पतासाजी करने में आज एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव, विशेषज्ञों एवं एनटीपीसी प्रबंधन के साथ स्थल का जायजा लेने पहुंचे और मत्स्य पालन विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण ने मछलियों एवं पानी का सेम्पल लिया है। दरअसल बीते दिन गुरूवार की शाम से ही शोसल मीडिया में एक वीडियों वायरल हो रहा है कि रिहंद डैम में भारी तादात में मछलियों की मौत हुई है। वीडियों वायरल होने के बाद आज कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर एसडीएम सुरेश जाधव के नेतृत्व में प्रदूषण नियंत्रण एवं मत्स्य पालन विभाग के साथ-साथ एनटीपीसी प्रबंधन भी पहुंच जायजा लिया। प्रथम दृष्टया में यह भी मिला है कि मछलियों को बेचने के लिए काट कर रखी गई थी, यहां कई लोग मछलियां बेचते हैं। शायद मरी हुई मछलियां उन्हीं के द्वारा फेकी गई हो, एक बॉक्स में मछुआरे के पास बेचने के लिए बहुत सारी मछलिया बर्फ में रखी मिली थी। फिर भी मरी हुई मछलियों एवं रिहंद डैम के पानी जांच के लिए सेम्पल ले लिया गया है। यहां बताते चले कि रिहंद डैम से एनटीपीसी शक्तिनगर, रिहंद-बीजपुर, विंध्याचल-विंध्यनगर के कैम्पस एवं नगर निगम सिंगरौली इंटरवल के माध्यम से फिल्टर प्लांट तक पानी की सप्लाई है। ऐसे में पानी की गुणवत्ता और प्रदूषण को लेकर लोग दहशत में हैं।

### इनका कहना

पानी और मछली दोनों के सेम्पल ले लिये गये हैं। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण एवं मत्स्य पालन विभाग के साथ-साथ एनटीपीसी का अमला मौजूद था। यहां कई लोग मछलियां बेचते हैं। शायद मरी हुई मछलियां उनके द्वारा ही फेकी गई हो। इसकी जांच जारी है।

**सुरेश जाधव,** एसडीएम, सिंगरौली

सेम्पलिंग आज हुआ है, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारणों का पता चल पाएगा।

**सुब्रमण्यम स्वामी,** पीआरओ, एनटीपीसी विंध्यनगर

# मिलिंग राइस मशीन में फंसी महिला की दर्दनाक मौत

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 12 दिसम्बर । बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम उज्जैनी निवासी एक महिला मिलिंग राईस मशीन के जद में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई । महिला तलवा गांव में धान की मिलिंग कराने गई थी।**

बरगवां पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उज्जैनी निवासी बुटली देवी साकेत पति रावेन्द्र साकेत उम्र 34 वर्ष आज दिन शुक्रवार की दोपहर तलवा गांव में धान की मिलिंग कराने पहुंची थी, तभी धान के राईस मिलिंग मशीन के जद में उसकी चोटी फंस गई और मशीन के अंदर चली गई । इस भयानक हादसे में महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की विवेचना कर रही है ।

### सहुआर में रेत की चोरी करते ट्रैक्टर जब्त

जियावन पुलिस ने बीती रात गस्त के दौरान सहुआर में अवैध रेत के साथ एक बिना नम्बर के ट्रैक्टर को दबोचते हुये रेत जप्त करते हुये अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है ।

## उच्च शिक्षा मंत्री अल्प प्रवास पर आज सतना आएंगे



**सतना 12 दिसम्बर.** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार 13 दिसंबर को रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेगे और यहां से प्रातः 9 बजे पन्ना जिले के लिए प्रस्थान करेगे। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार इसी रात्रि 10 बजे सतना लौटकर ट्रेन से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक आज

**सतना 12 दिसम्बर.** सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रेजी 13 दिसम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री अभय मनोहर सप्रेजी की अध्यक्षता में 13 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुप्रीम कोर्ट रेड सेफ्टी कमेटी की बैठक आयोजित की जायेगी।

# नेशनल लोक अदालत जिला एवं तहसील स्तर पर 41 खण्डपीठ हुई गठित

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 दिसम्बर. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली ( नालसा ) एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर ( सालसा ) के निर्देशानुसार 13 दिसम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।**

लोक अदालत में पूरे न्यायिक जिले के लिये 41 खण्डपीठो का गठन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि लोक अदालत का शुभारंभ 13 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे एडीआर भवन सतना में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी द्वारा किया जाएगा। श्री मिश्र ने वादकारियों से सिविल, राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, 138 एन. आई. एक्ट, श्रम, वैवाहिक, भरण-पोषण, मोटर दावा दुर्घटना, विद्युत प्रकरण आदि के लंबित मुकदमे एवं जलकर, बैंक रिकवरी, विद्युत, बी.एस.एन.एल आदि प्रीलिटिगेशन प्रकरणो के निराकरण में उत्साह के साथ भाग लेने तथा ऋण तथा विद्युत संबंधी मामलों में विशेष छूट प्राप्त कर मामले के निराकरण कराने की अपील की है। यह भी बताया गया है कि लोक अदालत सतना, मैहर, अमरपाटन, नागौद, रामपुर बाघेलान, उंचेहरा एवं चित्रकूट के तहसील न्यायालयों में आयोजित होगी।

## मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह आज मैहर आएंगी



**मैहर 12 दिसम्बर.** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह 13 दिसम्बर को प्रातः 5.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर आयेंगी। निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रभारी मंत्री प्रातः 10 बजे सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित करेंगी। इसके बाद प्रभारी मंत्री प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास सलाहकार समिति तथा दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगी। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट में प्रेस कान्फ्रेंस करने के उपरांत सायं 5 बजे मैहर से कार द्वारा चितरंगी के लिए प्रस्थान करेंगी।

# प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल आज आएंगे



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 12 दिसम्बर, रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण तथा श्रम विभाग 13 दिसम्बर को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे.**

प्रभारी मंत्री 13 दिसम्बर को सुबह 6.30 बजे सतना रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे. प्रभारी मंत्री सर्किट हाउस में अल्प विश्राम के बाद सुबह 9.30 बजे पूर्व विधायक स्व. शंकरलाल तिवारी के निज निवास जाकर श्री तिवारी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे. प्रभारी मंत्री सुबह 9.45 बजे सतना से प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे रीवा पहुंचकर कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. प्रभारी मंत्री बैठक के बाद दोपहर 12 बजे कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम पहुंचकर रेवा फिल्म फेस्टो 2025 में शामिल होंगे. प्रभारी मंत्री दोपहर एक बजे ईकोपार्क में आयोजित पत्रकार वार्ता मंव सरकार की दो वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर राज्य शासन द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किए गए प्रयासों और उपलब्धियों की जानकारी देंगे. प्रभारी मंत्री दोपहर 1.45 बजे कार द्वारा रीवा से सोनभद्र उत्तरप्रदेश के लिए प्रस्थान करेंगे.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99